उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल छात्रों के लिये कीं कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ

चर्चा में क्यों?

28 अगस्त, 2023 को उत्तराखंड के देहरादून स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा (एचएनबी) चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने घोषणा की कि राज्य के गरीब मेधावियों को अब एमबीबीएस, एमडी, एमएस की पढ़ाई करने के लिये राज्य सरकार आधी फीस देगी।

प्रमुख बिंदु

- विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने कई अन्य घोषणाएँ भी की हैं-
    - मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिये राज्य सरकार जल्द ही बीमा योजना लॉन्च करेगी। शोध को बढ़ावा देने के लिये उच्च शिक्षा की भाँति प्रोत्साहन योजना लागू होगी।
    - हरिद्वार मेडिकल कॉलेज अगले साल से शुरू होगा। रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज वर्ष 2026 में और पिथौरागढ़ का मेडिकल कॉलेज 2027 में शुरू करेंगे।
    - राज्य के 5000 नर्सिंग पास छात्रों के लिये तीन देशों में रोज़गार के लिये सरकार ने एमओयू साइन किया है।
    - तीन हज़ार पदों पर नर्सिंग की भर्ती जल्द पूरी होने जा रही है। अब सरकार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का अलग कैडर भी बना रही है।
    - हिन्दी में एमबीबीएस की शुरुआत करने जा रहे उत्तराखंड में अब एमबीबीएस कोर्स में 16 संस्कार (गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, विद्यारंभ, कर्णवेध, यज्ञोपवीत, वेदारंभ, केशांत, समावर्तन, विवाह और अंत्येष्टि संस्कार) को भी में शामिल किया जाएगा। इसके लिये जल्द ही समिति गठित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-health-minister-made-many-important-announcements-for-medical-students